# LEGISLATIVE ASSEMBLY
# NATIONAL CAPITAL TERRITORY OF DELHI
## Bulletin Part-I
## (Brief summary of proceedings)
## Monday, 23 March 2020 / 03 Chaitra 1942 (*Saka*)

**No. 05**

02.06 PM **Shri Ram Niwas Goel, Hon'ble Speaker in Chair**

**NATIONAL SONG (VANDE MATARAM)**

1. 2.06 PM The Chair apprised the Members about the change in seating arrangement of the House during Budget Session on account of Coronavirus (COVID-19) pandemic.

2. 2.07 PM The House paid homage and observed two minute silence on :
   I. Martyrdom day of Shaheed Bhagat Singh, Shaheed Raj Guru and Shaheed Sukhdev.
   II. Security personnel killed in naxalite attack on 21 March, 2020 in Sukma District of Chhattisgarh.
   III. Death of People due to Coronavirus (COVID-19) pandemic.

3. 2.11 PM **Sh. Ramvir Singh Bidhuri**, **Leader of Opposition** requested that the House should be summoned for at least 15 days after situation normalizes. He also praised the efforts of Central Government, Hon'ble Lieutenant Governor and Shri Arvind Kejriwal, Hon'ble Chief Minister of Delhi for taking ample preventive and precautionary measures to contain the meance of Coronavirus (COVID-19) pandemic. He also applauded the services of Safai Karmcharis.

4. 2.16 PM The Chair informed the House that the Budget Session had been curtailed and restricted one day only i.e. today due to Coronavirus (COVID-19) pandemic. The Chair stated that he had not allowed any business other than the listed business.

5. 2.17 PM **Economic Survey and Outcome Budget:**
   **Shri Manish Sisodia, Hon'ble Deputy Chief Minister** laid the copies of the following:
   (1) Economic Survey 2019-2020
   (2) Status Report of Outcome Budget 2019-2020 (upto December 2019)

**ANNUAL BUDGET (2020-21)**

6. 2.18 PM **ANNUAL BUDGET (2020-2021) :**
   **Shri Manish Sisodia, Hon'ble Deputy Chief Minister** presented the Annual Budget (Statement of Estimated Receipt and Expenditure) of NCT of Delhi for the financial year 2020-2021.

7. 3.16 PM **Presentation, Consideration and Passing of Supplementary Demands for the financial year 2019-20 :**
   **Shri Manish Sisodia, Hon'ble Deputy Chief Minister** presented the Third and Final Batch of Supplementary Demands for Grants for the financial year 2019-20.
   The Supplementary Demands were considered Demand-wise and passed by voice-vote.

8. 3.24 PM **Appropriation (No.1) Bill, 2020:**
Hon'ble Deputy Chief Minister introduced the 'Appropriation (No.1) Bill, 2020' (Bill No. 01 of 2020) with the leave of the House.
Hon'ble Deputy Chief Minister moved that the Bill be taken into consideration.
The Motion was put to vote and adopted by voice-vote.
The Bill was considered clause-wise.
Hon'ble Deputy Chief Minister moved that the Bill be passed.
The Motion was put to vote and adopted by voice-vote.

9. 3.26 PM **Presentation, Consideration and Passing of Demands for Grants for the financial year 2020-21** :
**Shri Manish Sisodia, Hon'ble Deputy Chief Minister** presented the Demands for Grants for the financial year 2020-21.
The Demands for Grants were considered demand-wise.
The Demands were put to vote and adopted by voice vote.

10. 3.27 PM **Appropriation (No.2) Bill, 2020:**
Hon'ble Deputy Chief Minister introduced the 'Appropriation (No.2) Bill, 2020' (Bill No. 02 of 2020) with the leave of the House.
Hon'ble Deputy Chief Minister moved that the Bill be taken into consideration.
The Motion was put to vote and adopted by voice-vote.
The Bill was considered clause-wise.
Hon'ble Deputy Chief Minister moved that the Bill be passed.
The Motion was put to vote and adopted by voice-vote.

11. 3.28 PM **Papers laid on the Table:**
I. **Shri Satyendar Jain, Hon'ble Minister of Urban Development** laid copies of the Annual Report of Delhi Urban Shelter Improvement Board (DUSIB) for the year 2018-19 on the Table of the House (English Version).
II. **Shri Kailash Gahlot, Hon'ble Minister of Transport** laid copies of the Notification No.F.19(95)/Tpt./Sectt./10/20110 dated 13.03.2020 regarding authorization of officers with the specified amount to compound traffic offences under Motor Vehicles Act, 1988 (as amended) on the Table of the House (Hindi and English Version).

12. 3.28 PM The Chair informed the Hon'ble Member that the process of election to the Financial Committees has been postponed and the fresh schedule for election to the Financial Committees shall be announced separately.

13. 3.29 PM The Chair expressed thanks to the Chief Minister, Deputy Chief Minister, Leader of Opposition, Hon'ble Members and other agencies for their co-operation in smooth conduct of the Budget Session.

14. 3.31PM ***National Anthem – Jan-Gan-Man***
**The Chair adjourned the House *sine-die*.**

**Delhi**
**23th March, 2020**

**C. Velmurugan**
**Secretary**

# विधान सभा
# राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली
## समाचार भाग–1
## (कार्यवाही का संक्षिप्त अभिलेख)
## सोमवार, 23 मार्च, 2020 / चैत्र 03, 1942 (शक्)

**संख्या–05**

**2.06 बजे श्री रामनिवास गोयल, माननीय अध्यक्ष पीठासीन हुए।**

**राष्ट्रीय गीत (वन्दे मातरम्)**

**1.** 2.06 बजे अध्यक्ष महोदय ने कोरोना वायरस (कोविड–19) महामारी के कारण बजट सत्र के दौरान सदन में बैठने की व्यवस्था में परिवर्तन के संबंध में सदस्यों को अवगत करवाया।

**2.** 2.07 बजे सदन द्वारा निम्नलिखित के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की गई और दो मिनट का मौन धारण किया गया :–

1. शहीद भगत सिंह, शहीद राजगुरू और शहीद सुखदेव का शहीदी दिवस
2. 21 मार्च, 2020 को छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में नक्सली हमले में सुरक्षा कर्मियों की मौत
3. कोरोना वायरस (कोविड–19) महामारी के कारण लोगों की मौत

**3.** 2.11 बजे **श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी, नेता प्रतिपक्ष** ने अनुरोध किया कि परिस्थिति सामान्य होने के बाद सदन को कम से कम 15 दिनों के लिए आहूत किया जाना चाहिए। उन्होंने कोरोना वायरस (कोविड–19) महामारी के संकट पर काबू पाने के लिए केन्द्र सरकार, माननीय उप राज्यपाल तथा दिल्ली के मुख्यमंत्री श्री अरविंद केजरीवाल द्वारा रोकथाम तथा एहतियाती उपाय करने के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने सफाई कर्मचारियों की सेवाओं की भी प्रशंसा की।

**4.** 2.16 बजे अध्यक्ष महोदय ने सदन को सूचित किया कि कोरोना वायरस (कोविड–19) महामारी के कारण बजट सत्र की अवधि को घटाकर एक दिन अर्थात् आज तक के लिए सीमित कर दिया गया है। अध्यक्ष महोदय ने कहा कि उन्होंने सूचीबद्ध कार्य के अलावा किसी अन्य कार्य की अनुमति नही दी है।

**5.** 2.17 बजे **आर्थिक सर्वेक्षण तथा आउटकम बजट :**
**श्री मनीष सिसोदिया, माननीय उप मुख्यमंत्री** ने निम्नलिखित की प्रतियां प्रस्तुत की :

1. आर्थिक सर्वेक्षण 2019–20
2. आउटकम बजट 2019–20 (दिसम्बर 2019 तक) की स्टेटस रिपोर्ट

**6.** 2.18 बजे <u>वार्षिक बजट (2020–21)</u>

**वार्षिक बजट (2020–21) :**
**श्री मनीष सिसोदिया, माननीय उप मुख्यमंत्री** ने वित्त वर्ष 2020–21 के लिए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली का वार्षिक बजट (अनुमानित प्राप्ति एवं व्यय का विवरण) प्रस्तुत किया।

**7.** 3.16 बजे **अनुपूरक अनुदान मांगों (2019–20) का प्रस्तुतीकरण, विचार एवं पारित करना:**
**श्री मनीष सिसोदिया, माननीय उप मुख्यमंत्री** ने वित्त वर्ष 2019–20 के लिए अनुपूरक अनुदान मांगों का तीसरा तथा अन्तिम भाग प्रस्तुत किया।
अनुपूरक अनुदान मांगों पर मांग–अनुसार विचार किया गया तथा ध्वनिमत से पारित किया गया।

**8.** 3.24 बजे **विनियोजन (संख्या–1) विधेयक, 2020:**

माननीय उप मुख्यमंत्री ने सदन की अनुमति से 'विनियोजन (संख्या–1) विधेयक, 2020' (2020 का विधेयक संख्या 01) को पुरःस्थापित किया।
माननीय उप मुख्यमंत्री ने प्रस्ताव किया कि विधेयक पर विचार किया जाये।
प्रस्ताव को मतदान के लिए रखा गया और ध्वनिमत से पारित हुआ।
विधेयक पर खंडवार विचार हुआ।
माननीय उप मुख्यमंत्री ने प्रस्ताव किया कि विधेयक को पारित किया जाये।
प्रस्ताव को मतदान के लिए रखा गया और ध्वनिमत से पारित हुआ।

**9.** 3.26 बजे **वित्त वर्ष 2020–21 हेतु अनुदान मांगों का प्रस्तुतीकरण, विचार तथा पारित करना :**

**श्री मनीष सिसोदिया, माननीय उप मुख्यमंत्री** ने वित्त वर्ष 2020–21 के लिए अनुदान मांगें प्रस्तुत कीं।
अनुदान मांगों पर मांग–अनुसार विचार किया गया।
अनुदान मांगों को मतदान के लिए रखा गया और ध्वनिमत से स्वीकार किया गया।

**10.** 3.27 बजे **विनियोजन (संख्या–2) विधेयक, 2020** :

माननीय उप मुख्यमंत्री ने सदन की अनुमति से 'विनियोजन (संख्या–2) विधेयक, 2020 (2020 का विधेयक संख्या 02)' को सदन में पुरःस्थापित किया।
उप मुख्यमंत्री ने प्रस्ताव किया कि उक्त विधेयक पर विचार किया जाये।
प्रस्ताव मतदान के लिए रखा गया तथा ध्वनि मत से स्वीकार हुआ।
विधेयक पर खण्डवार विचार हुआ।
उप मुख्यमंत्री ने प्रस्ताव किया कि उक्त विधेयक को पारित किया जाये।
प्रस्ताव मतदान के लिए रखा गया तथा ध्वनि मत से स्वीकार हुआ।

**11.** 3.28 बजे **सदन पटल पर प्रस्तुत कागजात :**

1. **श्री सत्येन्द्र जैन, माननीय शहरी विकास मंत्री** ने दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड के वर्ष 2018–19 के वार्षिक प्रतिवेदन की अंग्रेजी प्रति सदन पटल पर प्रस्तुत की।
2. **श्री कैलाश गहलोत, माननीय परिवहन मंत्री** ने मोटर वाहन अधिनियम 1988 (संशोधित) के तहत कंपाउंड यातायात अपराधों के लिए निर्दिष्ट राशि के साथ अधिकारियों के प्राधिकरण के बारे में अधिसूचना संख्या एफ. 19(95)/परिवहन/ सचि./10/20110 दिनांक 13,03,2020 की हिंदी एवं अंग्रेजी प्रतियां सदन पटल पर प्रस्तुत की।

**12.** 3.28 बजे अध्यक्ष महोदय ने माननीय सदस्यों को सूचित किया कि वित्तीय समितियों के निर्वाचन की प्रक्रिया स्थगित कर दी गई है तथा वित्तीय समितियों के निर्वाचन का नया कार्यक्रम अलग से घोषित किया जायेगा।

**13.** 3.29 बजे अध्यक्ष महोदय ने बजट सत्र के सुचारू संचालन में सहयोग के लिए मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री, नेता प्रतिपक्ष, सदन के सभी सदस्यों तथा अन्य अधिकारियों/संस्थाओं का आभार व्यक्त किया।

**14.** 3.31 बजे *राष्ट्र गान : जन–गण–मन*

**सदन अनिश्चितकाल तक के लिए स्थगित हुआ।**

**दिल्ली**
**23 मार्च, 2020**

**सी. वेलमुरूगन**
**सचिव**